## खास-खबरें

### अकीदत के साथ हुसैनी चौक पहुंची हजरत इमाम हुसैन की बा-वफा सवारी शाही शबीह-ए-दुलदुल



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, शाजापुरः** कर्बला के मैदान में नवासा-ए-रसूल हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम और उनके 72 जानिसारों की अजीम कुर्बानी की याद में मनाया जाने वाला गम का महीना मोहर्रम-उल-हराम शहर में पूरी अकीदत और एहतराम के साथ शुरू हो गया है। मोहर्रम की पहली तारीख बुधवार को शहर में उस वक्त एक रूहानी और तारीखी मंजर देखने को मिला, जब इमाम हुसैन की वफादार सवारी की याद में एशिया का सबसे बड़ा शाही शबीह-ए-दुलदुल हुसैनी चौक की तरफ रवाना हुआ। शहर के इमामबाड़े से यह मुकद्दस शबीह-ए-दुलदुल अकीदतमंदों के कंधों पर सवार होकर पूरे अदब और या हुसैन की सदाओं के बीच हुसैनी चौक पहुंचा। यहां दुलदुल को बाकायदा मुकाम दिया गया, जहां अब शहर के अकीदतमंद लगातार हाजिरी देकर जियारत का शरफ हासिल करेंगे। मोहर्रम कमेटी के मीडिया प्रभारी सैयद आफताब अली ने बताया कि मोहर्रम की 5 तारीख से शहर में जुलूसों का सिलसिला बाकायदा तौर पर शुरू हो जाएगा। यह तमाम जुलूस सदर इमरान खरखरे की सदारत में निकाले जाएंगे। इन जुलूसों में शबीह-ए-दुलदुल, बुर्राक और ताजियों के कारवां मुख्य रूप से शामिल होंगे, जहां अकीदतमंद कर्बला के शहीदों को अपना खिराज-ए-अकीदत पेश करेंगे। दुलदुल को मुकाम देते समय मोहर्रम कमेटी सदर इमरान खरखरे, शमीम शम्मू, अकरम ठेकेदार, सबदर भाई, सलीम भाई, सोहराब भाई सहित समाजजन मौजूद थे।

### नई कार खरीदने जा रहा परिवार हादसे का शिकार भाजपा प्रवक्ता की पत्नी और भतीजे की मौत

**नईदुनिया, प्रतिनिधि, देवासः** नई कार खरीदने की खुशी उस समय मातम में बदल गई जब इंदौर से भोपाल जा रहा एक परिवार सड़क हादसे का शिकार हो गया। देवास जिले के सोनकच्छ क्षेत्र में बुधवार को एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में भाजपा प्रवक्ता की पत्नी समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो मासूम बच्चों सहित 10 लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सेंधवा के भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल के परिवार सहित कुल 12 सदस्य स्कॉर्पियो वाहन से भोपाल नई कार खरीदने जा रहे थे। जिस मॉडल की कार परिवार लेना चाहता था, वह इंदौर में उपलब्ध नहीं थी, इसलिए सभी लोग भोपाल के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में सोनकच्छ के समीप जावर थाना क्षेत्र में वाहन चालक का संतुलन बिगड़ गया और स्कॉर्पियो हाईवे पर पलट गई। हादसा इतना भीषण था कि वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कर वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। हादसे में इंदौर निवासी मयूरेश गर्ग (38) और संगीता अग्रवाल (51) की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों रिश्ते में बुआ-भतीजे थे। संगीता अग्रवाल भाजपा प्रवक्ता सुनील अग्रवाल की पत्नी थीं। घायलों में सुनील अग्रवाल (62), प्रखर अग्रवाल (32), रिमी अग्रवाल (30), पलक अग्रवाल (26), सुरभि अग्रवाल (28), सुरभि की डेढ़ वर्षीय बेटी, स्वप्निल गर्ग (37), शर्मिला गर्ग (36), कनव गर्ग (10) और दो वर्षीय दूरविक गर्ग शामिल हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

### मुहर्रम त्योहार कमेटी की कमान आज़म लाला को



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, सीहोरः** आगामी मुहर्रम पर्व की तैयारियों को लेकर दूल्हा बादशाह दरगाह परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विभिन्न अखाड़ों, ताजिया कमेटियों के उस्ताद, खलीफा, समाज के वरिष्ठजन एवं मुस्लिम त्योहार कमेटी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में मुहर्रम पर्व की तैयारियों, अखाड़ों एवं ताजियों की व्यवस्थाओं तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सभी समाजजनों ने सर्वसम्मति से आज़म लाला को मुहर्रम त्योहार कमेटी, सीहोर का अध्यक्ष मनोनीत किया। उनके मनोनयन पर उपस्थित लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष मनोनीत होने के पश्चात आज़म लाला का उपस्थित समाजजनों एवं कमेटी के सदस्यों द्वारा पगड़ी बांधकर एवं फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की। वहीं कमेटी में रफीक भाई (मछली पुल) एवं बिट्टू खां को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में संरक्षक के रूप में अफजल पठान, मुन्ना भाई साइकिल वाले, दिनेश कुमार मिश्रा, बजरिया वाले रफीक उस्ताद, जमशेद पहलवान, अनु चौधरी, अतहर अहमद एवं साजिद पठान उपस्थित रहे।

# स्मार्टमीटर के विरोध में जनता उतरी सड़क पर

## स्मार्ट मीटर की जगह फिर से पुराने मीटर लगाएं जाएं : दीपक गुर्जर





**नईदुनिया प्रतिनिधि, मंदसौरः** स्मार्टमीटर जैसी प्रदेश व्यापी समस्या के विरोध में मंदसौर शहर में आज जनता एक बार फिर सड़कों पर उतर पड़ी लोगों ने आज लगातार दूसरे दिन स्मार्ट मीटर का विरोध किया।

उल्लेखनीय है कि कल भी ब्लॉक कांग्रेस के नेतृत्व में मीटरों के विरोध में प्रदर्शन किया गया था।जिला पंचायत सदस्य दीपक सिंह गुर्जर के नेतृत्व में शहर की जनता ने सड़कों पर उतरकर आज स्मार्टमीटर के विरोध में जनआंदोलन की शक्ल में अपना विरोध दर्ज कराया।इस दौरान शहरवासियों ने गांधी चौराहे से सरदार पटेल चौराहा तक पैदल मार्च कर पटेल चौराहे पर **स्वस्थ्य** के अधिकारियों के समक्ष अपना विरोध दर्ज कर उनके सामने बताया कि स्मार्टमीटर लगने के बाद से उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है, जो आम जनता की जेब पर भारी बोझ है। इन मीटरों की रीडिंग और पल्स रेट को लेकर उपभोक्ताओं में भारी असमंजस है। बिना पूर्व सूचना के अचानक कनेक्शन कट जाने की शिकायतें भी बढ़ गई हैं।

इसलिए सबसे महत्वपूर्ण मांग यह है कि वर्तमान के बिजली बिलों में जो बढ़ी हुई राशी आई है उसे संशोधित किया जाकर नए बिल दिए जाए और बिल जमा करने की अंतिम तारीख में बदलाव कर 30 जून की जाए। साथ ही हालात इस कदर बदतर कर दिए गए हैं कि सोलर प्लेट लगाने के बाद भी उपभोक्ताओं के हज़ारों रुपए के बिल आ रहे फिर शासन की इस योजना में आमजन से लाखों रुपए इन्वेस्ट करवाने का क्या फायदा हुआ।

आम जनता की जनभावनाओं और आर्थिक हित को ध्यान में रखते हुए इन स्मार्ट मीटरों को तत्काल हटाया जाए।इनके स्थान पर पुनः पुराने और विश्वसनीय मीटर स्थापित किए जाएं। आंदोलन के दौरान सुरेश भाटी, रूपल संचेती, अनुपम त्रिपाठी, लोकेश मोड़, विनोद सांखला, प्रताप सिंह चंद्रावत,राधेश्याम शर्मा, दीपक जोशी, आदित्य मित्तल, सत्तू चौहान, सुनीता बागरी, ललिता कुमावत, कृष्ण कुमार त्रिवेदी, आशुतोष त्रिवेदी, आकाश कुमावत, विजय भावसार, अनिल सेठिया सीमा राठौर,कमलेश सोनी लाला, सुरेन्द्र कुमावत,राजेद्र सेठिया, गजराज धाकड़, सम्यक जैन, विजय जैन, अजय सोनी,ये अनिल नरानिया, बडालिया, शुभम कुमावत, दुर्गाबाई कुमावत, सुनील बंसल, अंकित महेश्वरी, विमला मालवीय, सावन मकवाना, नितिन सोनी, मोहनलाल कुमावत,अशांशु संचेती, अक्षय सेठिया, अभय बैरागी, शंकर मालवीय, घनश्याम चौधरी, अर्पित आचार्य, सुदीप पाटिल, रवि जैन, जितेंद्र बग्गा, सोनाक्ष पाटीदार, हितेश बैरागी, अक्षय रजवानिया, सुनील जैन, राधा शर्मा, रिद्धि बाकलीवाल, हेमराज खबिया, साहिल खान, सलामुद्दीन मंसूरी, मंजू भंवरलाल, कृष्णमुरारी शर्मा, अनिल चौहान, योगेश चौहान, राजेश चौहान, इस्माइल मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

### मलेरिया निरोधक जागरूकता रथ कर रहा ग्रामीण भ्रमण

**विदिशा।** मलेरिया निरोधक माह के अंतर्गत जिले में मच्छरजनित रोगों के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विदिशा विकासखंड के ग्राम बेरखेड़ी जेतू से मलेरिया जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया गया। इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, खादी ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष राकेश सिंह जादौन, जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। रथ के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी जा रही। साथ ही लोगों को अपने घरों और आसपास स्वच्छता बनाए रखने, जलभराव को रोकने तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## अवैध रेत खनन पर प्रशासन की कार्रवाई, दो जेसीबी जब्त



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भैरुंदाः** नर्मदा नदी के घाटों पर लंबे समय से जारी अवैध रेत खनन के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो जेसीबी मशीनें जब्त की हैं। ग्राम पंचायत चौरसाखेड़ी क्षेत्र में मंगलवार को हुई इस कार्रवाई से अवैध खनन से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चौरसाखेड़ी और आसपास के नर्मदा घाटों पर अवैध रेत उत्खनन की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। ग्रामीणों का आरोप था कि खनन माफिया बेखौफ होकर नदी से रेत निकाल रहे हैं, जिससे शासन को राजस्व हानि होने के साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। शिकायतों के बाद एसडीएम सुधीर कुशवाह के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर दबिश दी।

नायब तहसीलदार रामप्रसाद गोरले के नेतृत्व में पहुंची टीम ने जेसीबी मशीनों से रेत उत्खनन होते पाया और तत्काल कार्रवाई करते हुए दो मशीनें जब्त कर लीं। जब्त मशीनों को थाना गोपालपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। ग्रामीणों ने अवैध खनन में शामिल पूरे नेटवर्क पर कार्रवाई और नियमित निगरानी की मांग की है। प्रशासन ने भी अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है।

### फरार अपराधियों पर नकद इनाम की घोषणा

**विदिशा।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने थाना शमशाबाद में दर्ज अपराध के फरार आरोपित आदिल खां पुत्र सादिक एवं सद्धाम पुत्र मोह उर्फ मम्मन अली निवासीगण ग्राम करमेडी छोटाखेडा थाना शमशाबाद की सूचना देने वालो को तीन हजार रू. की नकद राशि देने की उद्घोषणा की है। कोतवाली विदिशा में दर्ज अपराध के फरार आरोपित शुभम पुत्र लक्ष्मीनारायण कुश्वाह उम्र 26 साल निवासी मुखर्जीनगर एवं दीपक पुत्र गोविन्द राठौर उम्र 30 साल निवासी वार्ड नम्बर 19 बरईपुरा विदिशा की सूचना देने वालो को क्रमशः तीन-तीन हजार रू. (प्रत्येक पर) नकद राशि देने की उद्घोषणा की है।

थाना मुरवास में दर्ज अपराध के फरार आरोपितों इदरीश खां पुत्र सत्तार खां उम्र 45 साल, अब्दुल सलाम खां पुत्र अब्दुल रहमान खां उम्र 42 साल तथा अब्दुल रजाक खां पुत्र अब्दुल रहमान खां उम्र 45 साल निवासीगण ग्राम भीला थाना मुरवास की सूचना देने वालो को क्रमशः दो-दो हजार रू. (प्रत्येक पर) नकद राशि देने की उद्घोषणा की है।

## पावर हाउस चौराहे पर नपाध्यक्ष ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा का किया लोकार्पण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोरः** पावर हाउस चौराहे पर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा का भव्य लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक संगठन एवं नागरिक उपस्थित रहे।

इस अवसर पर कार्तिक सिंह चौहान ने कहा कि महाराणा प्रताप त्याग, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति के अद्वितीय प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें विपरीत परिस्थितियों में भी मातृभूमि और अपने सिद्धांतों की रक्षा के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि युवाओं को महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर नगर के विकास के लिए निरंतर सराहनीय कार्य कर रहे हैं। नगर में सड़क, सौंदर्यीकरण, मूलभूत सुविधाओं एवं जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में नगर पालिका विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है तथा आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। नगर के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे कार्य निश्चित रूप से प्रशंसनीय हैं।

भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा ने कहा कि महाराणा प्रताप केवल एक योद्धा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और स्वाभिमान के रक्षक थे। उनका अदम्य साहस और राष्ट्र के प्रति समर्पण सदैव आने वाली पीढ़ियों का मार्गदर्शन करता रहेगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि नगर के गौरव और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए नगर पालिका निरंतर कार्य कर रही है। महाराणा प्रताप की प्रतिमा युवाओं में राष्ट्रभक्ति, साहस और स्वाभिमान की भावना को जागृत करेगी। उन्होंने कहा कि नगर के विकास और सौंदर्यीकरण के साथ-साथ महापुरुषों के सम्मान में भी निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजस्व मंत्री कारण सिंह वर्मा जी, जिला संगठन प्रभारी विकास विरानी, वरिष्ठ भाजपा नेता सनी महाजन, पार्षद मुकेश मेवाडा नरेंद्र राजपूत राजेश माझी कमलेश राठौर प्रदीप गौतम के साथ समस्त पार्षदगण केदार सिंह मंडलोई राजेंद्र सिंह मंडलोई एवं मेवाड़ा समाज के बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## जमीनी विवाद में घायल युवक की मौत, परिजनों ने किया चक्का जाम



**नईदुनिया प्रतिनिधि, गंजबासौदाः** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम अरनोट में जमीनी विवाद के दौरान घायल हुए युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने बुधवार को अंबा नगर चौराहे पर चक्का जाम कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार 11 जून को ग्राम अरनोट में जमीन के सीमांकन के बाद दो पक्षों के बीच विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर हुई मारपीट में वीरेंद्र केवट (40) गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें उपचार के लिए भोपाल भेजा गया था। इलाज के बाद वे गांव लौट आए थे, लेकिन तबीयत बिगड़ने पर दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा समझाइश देकर स्थिति को सामान्य कराया। पुलिस ने मामले में अभिषेक और मंजू नामक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। युवक की मौत के बाद प्रकरण में हत्या की धारा जोड़कर जांच शुरू कर दी गई है। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात किया गया है।

### एक घंटे की बारिश में गर्मी से मिली राहत

**गंजबासौदा।** क्षेत्र में बुधवार को करीब एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत दिलाई। दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट ली और आसमान में घने बादल छा गए। लगातार तेज धूप और गर्म हवाओं से परेशान लोगों ने बारिश के बाद राहत की सांस ली। सड़कों और बाजारों में भी मौसम का असर दिखाई दिया तथा लोग ठंडे मौसम का आनंद लेते नजर आए। स्थानीय लोगों का मानना है कि यह बारिश मानसून की दस्तक का संकेत हो सकती है। किसानों के लिए भी यह बारिश राहत लेकर आई है, क्योंकि इससे खेतों में नमी बढ़ी है और खरीफ फसलों की तैयारियों को गति मिलेगी। हालांकि कुछ स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी देखने को मिली, लेकिन अधिकांश लोगों ने बारिश का स्वागत किया।

## सट्टेबाजी का वीडियो वायरल होने के बाद अड्डे पर दबिश, 4 सटोरिए गिरफ्तार



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुरः** सट्टे के कारोबार का एक वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, जिसके बाद पुलिस ने सट्टा अड्डे पर छापामार कार्रवाई की, जहां से चार सटोरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। मौके से पुलिस ने नकदी, हजारों रुपए के सट्टे का हिसाब और बड़ी मात्रा में सट्टा सामग्री बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को लगातार सूचना मिल रही थी कि क्षेत्र में सट्टे का अवैध कारोबार संचालित हो रहा है। इसी बीच एक वीडियो सामने आया जिसके बाद पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से अड्डे पर घेराबंदी कर दबिश दी। छापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से चार लोगों को हिरासत में लिया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान अरशद अली (32) पिता आबिद अली निवासी पटेलवाड़ी, जितेन्द्र (40) पिता महेश गेहलोत निवासी वजीरपुरा, नूर मोहम्मद उर्फ शानू 46 पिता गुल मोहम्मद निवासी पटेलवाड़ी और समीर 34 पिता मसूद बेग निवासी पटेलवाड़ी के रूप में हुई है।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रचार के लिए माधव सृष्टि पहुंचा प्रतिनिधिमंडल



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, इंदौरः** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को आयोजित होने वाले सामूहिक योग प्रोटोकॉल कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार और जनजागरण के उद्देश्य से हरि ओम योग केंद्र चेरिटेबल ट्रस्ट एवं योग विभाग, चोइथराम कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के प्रतिनिधिमंडल ने माधव सृष्टि स्थित गुरुजी सेवा न्यास के योग प्रकल्प का भ्रमण किया। प्रतिनिधिमंडल ने योग साधकों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी और अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान चोइथराम कॉलेज में संचालित विभिन्न योग पाठ्यक्रमों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और योग शिक्षा से संबंधित गतिविधियों की भी जानकारी साझा की गई। प्रतिनिधिमंडल में इंजीनियर अनिल अग्रवाल, रौनक सोनी, मनोज वर्मा और डॉ. प्रमोद नंदवाल शामिल थे। कार्यक्रम में माधव सृष्टि के योग प्रशिक्षक शंकरलाल लड्ढा विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने योग विभाग द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों की सराहना करते हुए साधकों को योग शिक्षा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रतिनिधिमंडल ने गुरुजी सेवा न्यास द्वारा संचालित योग प्रकल्प को समाज में योग जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सराहनीय पहल बताया। कार्यक्रम के दौरान योग शिक्षा, स्वास्थ्य लाभ और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

## चल समारोह के साथ मनी महाराणा प्रताप जयंती



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर :** स्वाभिमान के सूर्य, अदम्य साहस के प्रतीक और राष्ट्रभक्ति के पर्याय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की गौरव गाथा बुधवार को शाजापुर की सड़कों पर जीवंत हो उठी। हवा में लहराते भगवा ध्वज, घोड़ों की टापों की गूंज और आसमान चीरते जयकारों ने पूरे शहर को शौर्य और पराक्रम के रंग में रंग दिया। अवसर था महाराणा प्रताप जयंती का, जिस पर राजपूत समाज द्वारा शहर में एक ऐतिहासिक और भव्य चल समारोह निकाला गया। इस समारोह में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं का हुजूम उमड़ पड़ा, जिसने पूरे नगर को देशभक्ति के जज्बे से सराबोर कर दिया।

**राजपूत छात्रावास से हुआ शंखनाद, महापुरुष को दी गई श्रद्धांजलिः** चल समारोह का शुभारंभ आदर्श कॉलोनी स्थित राजपूत छात्रावास से हुआ। भारी उत्साह के बीच रैली धोबी चौराहा पहुंची, जहां वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके पश्चात यह विशाल चल समारोह नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों की ओर बढ़ चला। यह ऐतिहासिक रैली महूपुरा चौराहा, नदी रपट, धान मंडी, किला रोड, छोटा चौक, बड़ा चौक एवं नई सड़क सहित शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरी। मार्ग में अनेक स्थानों पर शहरवासियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर इस भव्य समारोह का आत्मीय स्वागत किया।

**अश्वारोही युवाओं ने मोहा मन, गूंजे शौर्य गीतः** समारोह का सबसे बड़ा आकर्षण पारंपरिक राजपूती वेशभूषा में सजे-धजे और घोड़ों पर सवार युवा रहे। इन युवाओं ने महाराणा प्रताप के शौर्य और गौरवशाली इतिहास की शानदार झलक प्रस्तुत की। वहीं, डीजे और अन्य ध्वनि यंत्रों पर बज रहे ओजस्वी शौर्य गीतों पर कदमताल करते युवाओं के उत्साह ने पूरे शहर के वातावरण को वीरता और स्वाभिमान के रंग में रंग दिया। इस दौरान राजपूत समाज के पदाधिकारियों और वरिष्ठजनों ने महापुरुष के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का संपूर्ण जीवन राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और त्याग का सर्वोच्च प्रतीक है। उन्होंने मातृभूमि की रक्षा के लिए घास की रोटियां खाना स्वीकार किया, लेकिन गुलामी नहीं। जयंती पर आयोजित ऐसे भव्य कार्यक्रम हमारी नई पीढ़ी को उनके महान आदर्शों से प्रेरणा लेने और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने का कड़ा संदेश देते हैं। चल समारोह में शामिल युवाओं ने हेरतंगेज करतब दिखाए।


### जाहिर सूचना

**एक पंजीकृत विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) ग्राम बंगरसिया तहसील कोलार जिला भोपाल म.प्र. के गुम हो जाने के संबंध में।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती अर्चना जैन पत्नि श्री राजेन्द्र कुमार जैन निवासी जैन लाईन, भीम राव अम्बेडकर वार्ड, बाडी जिला रायसेन म.प्र. के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक किता व्यावसयिक भूखंड जिसका कुल क्षेत्रफल 910 वर्गफिट जो कि खसरा क्र. 136/1/3 के अंश भाग पर ग्राम बंगरसिया, पटवारी हल्का नं. 03, तहसील-कोलार जिला-भोपाल (म.प्र.) में स्थित है जिसे मेरे पक्षकार ने पंजीकृत विक्रय पत्र के माध्यम से क्रय किया था जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन उप पंजीयक भोपाल के पुस्तक क्रं. अ-1, दस्तावेज क्र. 3710 (2),ग्रन्थ क्र.1162 दि.19/03/ 2015 पर दर्ज है जिसकी मूल प्रति दिनॉक 31/5/2026 को कही गुम हो गई है जिसकी गुम होने की सूचना थाना बाडी जिला रायसेन में एन.सी.आर. के माध्यम से दिनॉंक 16/06/2026 को दी गई है। उक्त वर्णित दस्तावेज जिस किसी व्यक्ति, संस्था को मिली हो अथवा मिलती है तो वह व्यक्ति किसी भी प्रकार से मूल विक्रय पत्र का दुरुप्रयोग ना करे एवं मेरे पक्षकार को या मेरे पते पर मुझे सूचित कर प्रदान करे ।

**योगेश कुमार सोनी,एडवोकेट**
**कार्या. एफ.एफ. 30, ऋषि बिजनेस पार्क, कोरल बुड्स मिसरोद, भोपाल**
**मोबाईल नं. 7974856151**

642